नवरात्रके दूसरे दिन मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए उमड़ी भीड़

मां दुर्गा की आराधना में डूबा जनपद, भव्य सजावट से जगमगाये पूजा पंडाल

जौनपुर। नवरात्र के दूसरे दिन मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप माता ब्रह्मचारिणी की दर्शन पूजन की गई। भोर से ही देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ पहुंचने लगी थी। मां शीलता धाम चौकिया और मां मैहर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ रही। भक्तों ने ज्ञान, वैराग्य और ध्यान की देवी मां ब्रह्मचारिणी की पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। दूर दराज से आए भक्तों ने दर्शन पूजन के मंदिर परिसर में मनौती को पूरा होने पर कड़ाही चढाई। खास कर मां शीतला चौकिया धाम में कड़ाही चढ़ाने के लिए महिलाओं की खासी भीड़ रही। मां भगवती के दोनों मंदिरों मां शीतला धाम चौकिया और मां मैहर मंदिर के अन्य देवी मंदिरों में दर्शन पूजन के लिए भक्तों का रेला लगा रहा। नवरात्र को देखते हुए मंदिर परिसर में माला-फूल, धूप-बत्ती की दुकानें भी सज गई है। भोर से शुरू हुआ दर्शन पूजन का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। देवी के जयकारे से देवी दरबार देर रात गूंजते रहे। मंदिरों के अलावा घरों में कलश स्थापित कर महिलाएं पूज अर्चना कर रही है। भक्त जगह-जगह दुर्गा सप्तशती और दुर्गा चालिसा, आरती पाठ करने में व्यस्त रमे रहे। नौ दिन चलने वाले नवरात्र से पूरा बातावरण भक्तिमय हो गया है। मंदिर परिसर में पूजा सामग्री और माला फूल की दुकानें श्रद्धालुओं को अपने ओर आकर्षित कर रही है।

बरसठी संवाददाता के अनुसार :क्षेत्र के निगोह बाजार में सेंट्रल बैंक के पास स्थित सद्भावना दुर्गा पूजा सेवा समिति की ओर से दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है,महोत्सव के दूसरे दिन मां दुर्गा के दर्शन-पूजन को लेकर भक्तों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है, पूजा पंडाल में भक्तिमय माहौल के बीच श्रद्धालु मां दुर्गा के चरणों में शीश नवाकर सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं।

बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी अधेड़ को २५ वर्ष की कैद

जौनपुर। अपर सत्र न्यायाधीश षष्ठम सुरेंद्र प्रताप यादव की अदालत ने एक वर्ष पूर्व घर में घुसकर बच्ची से बलात्कार करने के आरोपी अधेड़ को 25 वर्ष के कारावास व 30000 अर्थ दंड से दंडित किया। अभियोजन कथानक के अनुसार सुरेरी थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने अभियोग पंजीकृत करवाया कि दिनांक 9 जून 2025 को 5:30 बजे शाम को उसकी साढ़े पांच वर्षीया बेटी किचन में थी। उसके रोने की आवाज सुनकर जब वादिनी किचन में पहुंची तो देखी कि उसका 51 वर्षीय पड़ोसी नियाज शेख जिसे बच्ची दादा कहती थी, उसके साथ दुष्कर्म कर रहा था। पुलिस ने विवेचना करके आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। शासकीय अधिवक्ता वेद प्रकाश तिवारी व रमेश चंद्र पाल के द्वारा परीक्षित कराए गए गवाहों के बयान एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के परिशीलन के पश्चात अदालत ने आरोपी अधेड़ को उक्त दंड से दंडित किया।

दुर्गा पूजा पंडाल में करेण्ट उतरने से मासूम की मौत

घर का बुझा इकलौता चिराग, हादसे के बाद गांव में पसरा मातम

मुफ्तीगंज। केराकत कोतवाली क्षेत्र के खटहरा गांव में दुर्गा पूजा पंडाल में उस समय बड़ा हादसा हो गया, जब टेंट के लोहे के पाइप में करंट उतर आया। करंट की चपेट में आने से सात वर्षीय मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। घर के इकलौते चिराग के बुझने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा, वहीं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मां-बाप और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की पहचान खटहरा गांव निवासी नीरज सरोज के सात वर्षीय पुत्र सरोज के रूप में हुई है। कल्लू मुर्तजाबाद-बगथरी स्थित माइक्रोटेक विद्यालय में एलकेजी का छात्र था। वह अपनी तीन वर्षीय बहन से बड़ा था। उसके पिता महाराष्ट्र के मुंबई-नासिक क्षेत्र में एक डेयरी कंपनी में काम कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। गांव में दुर्गा पूजा पंडाल तैयार करने का काम गोलू टेंट हाउस की ओर से कराया जा रहा था। इसी दौरान टेंट के पाइप में करंट उतर गया और कल्लू उसकी चपेट में आ गया। हादसे में उसकी जान चली गई। हालांकि, करंट उतरने के वास्तविक कारणों का पता जांच पूरी होने के बाद ही चल सकेगा। घटना की

सूचना मिलते ही केराकत कोतवाली के अलावा चंदवक और जलालपुर थानों की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मासूम के स्वजनों को समझा-बुझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस उपलक्ष्य में पूछे जाने एसडीएम केराकत ने बताया कि दुर्गा पूजा पंडाल स्थापित करने के लिए प्रशासन से अनुमति नहीं ली गई थी। इसके अलावा विद्युत कनेक्शन भी नहीं लिया गया था। मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। मासूम की असमय मौत से खटहरा गांव में मातम पसरा हुआ है। जिस घर में मासूम की हंसी-खुशी से रौनक रहती थी, वहां अब चीख-पुकार और सन्नाटा पसरा है।

युवक के पास से चोरी की मोटर बरामद

सुइथाकला। सरपतहां थाना पुलिस ने चोरी के मामले का खुलासा करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से मोटर बिक्री के आठ हजार रुपये, तमंचा, कारतूस और मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी गई तीन हॉर्स पावर की मोटर भी बरामद की है। थानाध्यक्ष रामाश्रय राय के नेतृत्व में पुलिस टीम सोमवार सुबह क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने कम्मरपुर गांव स्थित एक कॉलेज के पास से जय प्रकाश मौर्य उर्फ जेपी मौर्य पुत्र तीर्थराज मौर्य निवासी शाहमऊ को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से मोटर बिक्री के आठ हजार रुपये नकद, एक तमंचा .315 बोर, एक जिंदा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई। पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर पुलिस ने समोधपुर गांव से चोरी गई तीन हॉर्स पावर की मोटर भी बरामद कर ली। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध सरपतहां थाने में चोरी सहित अन्य मामलों में मुकदमे दर्ज हैं। शाहगंज थाने में भी उसके विरुद्ध पूर्व में मुकदमा दर्ज है। आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के बाद पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सत्यवीर यादव, कांस्टेबल पवन कुमार यादव, ओम प्रकाश यादव, अनुपम गुप्ता और रिक्रूट कांस्टेबल रामचन्द्र शामिल रहे।

पूर्व प्रधान के भाई की हत्या से क्षेत्र में फैली सनसनी

अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज हुआ हत्या का मुकदमा, जांच में जुटी पुलिस

सुजानगंज। सोमवार को स्थानीय क्षेत्र के ग्राम सभा हिम्मत नगर स्थित एक विद्यालय परिसर में पूर्व प्रधान के भाई ओमप्रकाश मिश्र पुत्र ब्रह्मदेव मिश्र उम्र लगभग 53 वर्ष निवासी नारीपुर का क्षत-विक्षत शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्वजनों के मुताबिक मृतक ओमप्रकाश मिश्र प्रतिदिन की भांति रविवार की शाम घर से बाहर गए हुए थे, लेकिन सोमवार की सुबह ग्रामीणों द्वारा पता चला कि हिम्मतनगर स्थित एक निजी विद्यालय में ओमप्रकाश मिश्र का क्षत-विक्षत शव देखा गया है, खबर सुनते ही स्वजनों में अफरातफरी मच गयी जिसके बाद स्वजन तुरंत घटना स्थल पहुंचे और सुजानगंज पुलिस को फौरन सूचना दी गई जिसके बाद सुजानगंज पुलिस के साथ साथ महराजगंज, बदलापुर, मछलीशहर, सिंगरामऊ थाने के थाना अध्यक्ष मय फोर्स तथा क्षेत्र अधिकारी बदलापुर अजय राय भी मौके पर पहुंचे इस दौरान मौके पर फॉरेंसिक टीम तथा सर्विलांस टीम भी मौके पर पहुंचकर आवश्यक जांच पड़ताल किए। वहीं थाना सुजानगंज पुलिस शव को अपने कब्जे में लेते हुए अंत्य परीक्षण कराने के लिए शव को जिला अस्पताल भेज दी।

इस घटना को लेकर मृतक के स्वजनों ने सुजानगंज थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा



दर्ज कराए हैं। मृतक के दो बेटे और दो बेटियां हैं जिसमें से अभी एक बेटा और बेटी अविवाहित हैं। मृतक के बड़े भाई राजेंद्र प्रसाद मिश्र उर्फ रज्जन मिश्र नारीपुर गांव के पूर्व प्रधान भी है। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष सुजानगंज अमित पांडेय ने बताया कि मृतक के स्वजनों के द्वारा प्राप्त तहरीर के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक जांच पड़ताल की जा रही है तथा जल्द ही इस घटना का खुलासा हो जाएगा। सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस की एक टीम मृतक के घर पर लगाईं गई है।

फांसी लगाकर युवक ने की खुदकुशी, परिवार में मचा कोहराम

डोभी। चंदवक थाना क्षेत्र के हरदासीपुर गांव में रविवार देर शाम एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हरदासीपुर निवासी मुकेश कुमार पांडेय रविवार रात नशे की हालत में बाजार गया था। वहां से रस्सी लेकर घर लौटा। बताया जाता है कि वह पत्नी को बार-बार जान देने की धमकी दे रहा था। हालांकि, पहले भी इस तरह की धमकी देने के कारण परिजनों ने उसकी बात को गंभीरता से नहीं लिया। रात करीब आठ बजे वह मकान के एक कमरे में चला गया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। कुछ देर बाद कमरे में उसका शव पंखे के सहारे रस्सी से लटकता मिला। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

रामनगर में नौ माह से मानदेय को तरसे रोजगार सेवक

नेवढ़िया। विकास खण्ड रामनगर के ग्राम रोजगार सेवकों ने 9 माह से लंबित मानदेय को लेकर खण्ड विकास अधिकारी को पत्र सौंपा है। सेवकों का आरोप है कि शासन से प्रशासनिक मद में पैसा आने के बावजूद उनका भुगतान नहीं किया गया और धनराशि को अन्य मदों में खर्च कर दिया गया। समस्त ग्राम रोजगार सेवकों ने बीडीओ को दिये गये पत्र में कहा है कि वे मनरेगा योजना (वीबीजी राम जी) के अंतर्गत लगातार अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। विगत 9 माह से मानदेय लंबित होने से उनके सामने भरण-पोषण का संकट खड़ा हो गया है। सेवकों का कहना है कि शासन द्वारा मानदेय भुगतान के लिए समय-समय पर धनराशि उपलब्ध कराई गई, लेकिन प्राथमिकता पर उनका भुगतान करने के बजाय अतिरिक्त कार्यों में पैसा खर्च कर दिया गया। पत्र में सेवकों ने लिखा है कि 9 माह से पैसा न मिलने से परिवार चलाना, बच्चों की पढ़ाई और इलाज का खर्च उठाना मुश्किल हो गया है। ऊपर से दशहरा और दीपावली जैसे बड़े त्योहार नजदीक हैं ऐसे में आर्थिक संकट और गहरा गया है। लगातार आर्थिक तंगी से सभी सेवक मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान हैं। इसी को देखते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि 12 अक्टूबर से लंबित मानदेय का पूरा भुगतान होने तक समस्त विभागीय कार्यों से विरत रहेंगे। रोजगार सेवकों ने बीडीओ से मांग की है कि लंबित 9 माह के मानदेय का यथाशीघ्र भुगतान सुनिश्चित कराया जाय और जब तक भुगतान नहीं होता तब तक उन पर कार्य करने का अनावश्यक दबाव न बनाया जाय। अभय सिंह, विमल दुबे सुरेश यादव विजय पटेल दलसिंगार यादव अविनेश कुमार मिश्रा सहित अन्य रोजगार सेवक उपस्थित रहे इस संदर्भ में खण्ड विकास अधिकारी वर्षा वंग ने बताया कि तीन माह का भुगतान सिर्फ बाकी है, शेष माह का भुगतान डोंगल लगाकर पत्र जिले पर भेज दिया गया है।

मर्यादा पुरुषोत्तम का जीवन समाज में शांति और धर्म का प्रतीक-सीओ

प्रभु श्री राम की चरण पादुका सिर पर रखकर अयोध्या लौटे भरत, नम आंखों से गूंजा जयकारा

शाहगंज। श्री रामलीला समिति के तत्वावधान में नई आबादी स्थित भव्य रामलीला मैदान में चल रहे पावन रामलीला महोत्सव के पांचवें दिन मंच पर ऐसे मार्मिक और हृदयविदारक दृश्यों का जीवंत मंचन हुआ, जिन्हें देखकर दर्शकों की आंखें नम हो गईं। समिति के अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल की कुशल देखरेख एवं संरक्षण में आयोजित इस अभूतपूर्व मंचन की शुरुआत मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के पिता राजा दशरथ के दाह संस्कार के अत्यंत दुखद और शोकपूर्ण प्रसंग से हुई, जिसने पूरे

पंडाल को भावुक कर दिया। जब भरत जी ने प्रभु श्री राम की पवित्र चरण पादुकाओं को अपने अश्रुपूरित नेत्रों से लगाकर सिर पर धारण किया और अयोध्या के लिए प्रस्थान किया, तो पूरा वातावरण जय श्री राम के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा। इस धार्मिक अनुष्ठान में गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराते हुए मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी प्रतिमा वर्मा ने मंच पर पहुंचकर माता जानकी और प्रभु श्री राम की विधि-विधान से आरती उतारी और उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर सीओ प्रतिमा वर्मा ने अपनी आत्मीय और प्रेरणादायक बात रखते हुए कहा कि भगवान श्री राम का पावन जीवन-चरित्र और उनके आदर्श आज के समाज में शांति, न्याय, मर्यादा और धर्म के सबसे बड़े प्रतीक हैं। इस अवसर पर समिति के सभी पदाधिकारी, क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

विंध्याचल जा रहे दर्शनार्थियों की कार पलटी, तीन घायल

डोभी। आजमगढ़ से विंध्याचल दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं की कार रविवार रात करीब तीन बजे चंदवक क्षेत्र में अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में अतुल कुमार (25), प्रीति देवी (20) और राजमती देवी (38) निवासी बघाड़ी परसादीपुर, थाना महुली, जिला खलीलाबाद घायल हो गए। एक के सिर में गंभीर चोट आई। मौके पर पिकेट ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों ने घायलों को कार से निकालकर सीएचसी डोभी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल एक दर्शनार्थी को ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दी।

दुकान गयी युवती घर नहीं लौटी, मुकदमा दर्ज

मछलीशहर। घर से दुकान के लिए निकली युवती घर वापस नहीं पहुंची। कोतवाली पुलिस ने चचेरे भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मछलीशहर जंघई मार्ग पर स्थित एक गाँव कि युवती रविवार सुबह घर से सामान खरीदने के लिए बाजार कह कर गई थी। किंतु ज्यादा समय बीत जाने के बाद वह वापस घर नहीं लौटी। परिजन किसी अनहोनी की आशंका से उसकी खोजबीन में लग गए। रिश्तेदार से लेकर उसके सहेली और गाँव के अगल बगल काफी खोजबीन की किंतु कही उसका पता नहीं चला। जिसके बाद परिवार वालों ने कोतवाली पहुंचे और चचेरे भाई ने उसकी गुमशुदगी की तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सिंह ने बताया तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर युवती की खोजबीन की जा रही है।

नौकरी दिलाने के नाम पर दलित से दस लाख की ठगी, कई धाराओं में मुकदमा दर्ज

जौनपुर। कोतवाली पुलिस ने पूर्वांचल विश्वविद्यालय में नौकरी दिलाने के नाम पर दलित से दस लाश रूपये ठग लेने तथा वापस मांगने पर गाली देना और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने के मामले में विद्यालय के एक कर्मी के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि सिकारा थाना क्षेत्र के पोखरियापुर गांव निवासी रोहिता गौतम पुत्र दशरथ गौतम की बातचीत मोहित भाटिया पुत्र स्वर्गीय कमल भाटिया निवासी गोमती नगर कालोनी कटघरा थाना कोतवाली से थी। मोहित भाटिया ने पूर्वांचल विश्वविद्यालय में नौकरी लगवाने के नाम पर रोहित गौतम से दस लाख रूपया इस बात पर लिया कि वह उसकी बाबू के पद पर नौकरी पहले एढाक पर लगवा देगा जहां कुछ दिन करने के बाद उसकी परमानेंट हो जाएगी उसकी बात पर विश्वास करके आनलाइन तथा नगद रूपया दे दिया। लेकिन काफी दिन बीत जाने के बाद भी जब उसकी नौकरी नहीं लगी तब वह अपना पैसा वापस मांगने लगा जिसे देने में आरोपी आनाकानी करने लगा। इसी वर्ष के तीन अक्टूबर को जब रोहित अपना पैसा मांगने के लिए उसके घर पर गया तो आरोपी ने उसे भद्दी भद्दी गालियां देते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने लगा। इतना ही नहीं अपने पिता लाइसेंसी बदूक दिखाकर जान से मारने की धमकी भी देने लगा। कोवताली पुलिस ने तहरीर के आधार पर दलित उत्तपीड़न समेत कई धाराओं में मामला पंजिकृत कर जांच शुरू कर दिया है। सूत्र बताते हैं कि पैसा लेने का आरोपी पूर्वांचल विश्वविद्यालय में किसी पद पर नौकरी करता है।

बाजार में चाकू लेकर घूम रहा युवक गिरफ्तार

बरसठी। थाना क्षेत्र के परियत बाजार में पुलिस ने चाकू लेकर घूम रहे मोबीन अली उर्फ पप्पू (35) निवासी परियत को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, तलाशी में उसकी कमर से करीब 11 इंच फल वाला लोहे का चाकू बरामद हुआ, बीते रविवार को प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश यादव के नेतृत्व में उपनिरीक्षक अम्ब्रीश कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ परियत बाजार में चेकिंग कर रहे थे तो आरोपी को अंग्रेजी शराब की दुकान के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में उसने मुर्गा काटने और बेचने के लिए चाकू रखने की बात कही। वैध अधिकार पत्र नहीं दिखाने पर पुलिस ने चाकू जब्त कर सील कर दिया।

सड़क सुरक्षा के लिए गोधना तिराहे पर बनाये बनाये गये रंबल स्ट्रिप

मछलीशहर। स्थानीय तहसील क्षेत्र के मछलीशहर-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग 731 बी के गोधना तिराहे पर सतर्कता और गति नियंत्रण के लिए सड़क के दोनों तरफ रंबल स्ट्रिप स्वास्तिक कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा बनाया गया। इस तिराहे पर मीरगंज से आने वाली प्रधानमंत्री सड़क जुड़ती है। कई इस तिराहे पर हादसे हो चुके हैं जिस कारण स्थानीय लोग तिराहे पर सड़क के दोनों किनारों पर रंबल स्ट्रिप की मांग कर रहे थे जिसे संज्ञान में लेते हुए पीली उभरी पट्टियों बनाई गईं। रोड हिप्नोटिज्म से बचने के लिए सड़क पर ऐसी पट्टियों के होने से गाड़ी में कम्पन पैदा होता है जिससे चालक की सतर्कता बढ़ जाती है और गति नियंत्रित हो जाती है। बताया जाता है कि मछलीशहर-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क निर्माण का कार्य लगभग पूरा किया जा चुका है। इस समय कंस्ट्रक्शन कंपनी आवश्यकता वाले स्थानों पर पक्के नाले का निर्माण और निर्माण कार्यों में छोटी मोटी खामियों को दुरुस्त करने में लगी हुई है।

एक नज़र इधर भी

ब्रजेश इंटर कालेज के प्रबंधक बने विवेक, मुरलीधर अध्यक्ष

जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के ब्रजेश इंटरमीडिएट कॉलेज, गुलालपुर में सोमवार को प्रबंध समिति का चुनाव संपन्न हुआ। इसमें प्रबंधक पद पर विवेक कुमार यादव निर्वाचित हुए, जबकि अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मुरलीधर यादव को मिली। चुनाव प्रक्रिया में समिति के सदस्यों ने विवेक कुमार यादव के पक्ष में मत दिया एव सहमति जताई, उन्हें प्रबंधक पद के लिए निर्वाचित हुए। विद्यालय परिसर में आयोजित चुनाव प्रक्रिया को चुनाव अधिकारी उमाशंकर यादव, पूर्व प्राचार्य डॉ. भगवान दास इंटर कॉलेज, हिंदी बघेला, जौनपुर ने संपन्न कराया।

चुनाव सह जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार यादव की देखरेख में हुआ। काफी विचार विमर्श के बाद प्रबंधन समिति के सदस्यों ने विवेक के पक्ष में अपना मत दिया और सहमति भी जताई। प्रबंधक पद पर विवेक कुमार यादव के निर्वाचित होने पर समर्थकों एवं उपस्थित लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की। प्रबंधक पद पर निर्वाचित होने के बाद विवेक यादव ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर दिया जाएगा, शिक्षकों एवं छात्रों की समस्याओं का निदान ही प्राथमिकता होगी। इस दौरान लालचंद यादव लाले, डॉ. जितेंद्र कुमार यादव, लक्ष्मी शंकर यादव, राजमणि यादव, राजेंद्र सिंह, रामआसरे यादव, डॉ. आलोक कुमार यादव, राजेश यादव, आशीष यादव, दिनेश चौहान, सिकंदर यादव और अतुल पांडेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

समाजसेवी ने वितरित की बच्चों में खेल, पाठ्य सामग्री

केराकत। केराकत क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय टंडवा में सोमवार को समाजसेवी राजेश गुप्ता की ओर से बच्चों को खेलकूद, पढ़ाई और खानपान की सामग्री वितरित की गई। लगभग 50 हजार रुपये मूल्य की सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। वितरण के दौरान बच्चों को 25 बैट, 100 बॉल,

25 बैडमिंटन सहित फुटबॉल, वॉलीबॉल, बेसबॉल, शतरंज और कैरम बोर्ड दिए गए। इसके साथ ही पेन, पेंसिल, कॉपी, किताबें, मिठाई, बिस्कुट और नमकीन भी वितरित किए गए। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को खेलकूद के प्रति प्रोत्साहित करने के साथ उनकी पढ़ाई में सहयोग करना रहा। इस अवसर पर मछलीशहर के पूर्व जिला अध्यक्ष रामसूरत सरोज, बेबी रानी सरोज, आदर्श चौबे, शैलेंद्र गुप्ता, ग्राम प्रधान जिलेदार सरोज, प्रदीप गुप्ता, आकाश गुप्ता और सूरज गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

पुलिस ने २४ साइकिलों संग आरोपी को किया गिरफ्तार

बरसठी। स्थानीय थाना क्षेत्र के परियत देशी शराब ठेका के बगल से सोमवार को पुलिस ने चोरी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए चोरी की

24 साइकिलों के साथ गांव निवासी रमेश पाठक (54) पुत्र पारसनाथ पाठक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल भेज दिया पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश यादव के नेतृत्व में कार्रवाई की गई पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की 24 साइकिलें बरामद कीं गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अम्ब्रीश सिंह, राजकुमार वर्मा, हे.का. उमाशंकर सिंह, यादवेंद्र यादव, वकील चौहान, अमरेश कुशवाहा सहित पुलिसकर्मी शामिल रहे।

ड्रोन तकनीक से जुड़ेंगे पीयू के विद्यार्थी-वाइसचांसलर

सेंसर, सही योजना से बढ़ेगी ड्रोन की उड़ान अवधि-डा. कल्पना जौहरी

सरायख्वाजा। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में ड्रोन तकनीक की प्रायोगिक समझ विकसित करने के उद्देश्य से सी-डैक, नोएडा के सहयोग से पांच दिवसीय 'स्वयान' बूटकैंप का आयोजन सोमवार से किया जा रहा है। 12 से 16 अक्टूबर 2026 तक चलने वाले इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में मानव रहित विमान प्रणाली (यूएएस) एवं सेंसर के अनुप्रयोगों पर विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान दिया जाएगा। कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने विद्यार्थियों से उत्साह और मनोयोग के साथ प्रशिक्षण में भाग लेने का आग्रह किया। सी-डैक, नोएडा की साइंटिस्ट 'एफ' डॉ. कल्पना

जौहरी ने विद्यार्थियों को ड्रोन की उड़ान से जुड़ी तकनीकी बारीकियों की जानकारी दी। उन्होंने ड्रोन के उड़ने की कार्यप्रणाली तथा उड़ान के दौरान ऊर्जा की खपत घटाने के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. जौहरी ने सरल भाषा में समझाया कि ड्रोन की स्थिर उड़ान, दिशा नियंत्रण और संतुलन कैसे बनाए रखा जाता है। उन्होंने बताया कि सही उड़ान योजना, सेंसर का प्रभावी उपयोग और ऊर्जा-कुशल तकनीकों के माध्यम से ड्रोन की उड़ान अवधि बढ़ाई जा सकती है। डॉ. ज्योति पी. सिंह ने बताया कि बूटकैंप सेना के विशेष प्रशिक्षण शिविर की भांति होता है, जिसमें अनुशासन, नियमित अभ्यास और प्रायोगिक कौशल पर विशेष बल दिया जाता है। कार्यक्रम में डॉ. पारुल त्रिवेदी, डॉ. दिवेन्दु मिश्रा, सुधीर सिंह, पूनम सोनकर, डॉ. रीतेश बरनवाल, डॉ. प्रवीण कुमार सिंह, डॉ. शैलेश प्रजापति, डॉ. संतोष कुमार त्रिपाठी, डॉ. अजय मौर्य, जया शुक्ल डॉ. नवीन चौरसिया सहित अन्य समिति सदस्यों ने भी सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

भगवान राम का जीवन अनुकरणीय-हरेन्द्र सिंह

पूर्व भाजपा ने किया रामलीला का उद्घाटन

जफराबाद। डा. हरेन्द्र सिंह, पूर्व भाजपा विधायक जफराबाद ने कहा कि भगवान राम का जीवन हम सबके लिए अनुकरणीय है। वे रविवार को श्री रामलीला समिति जफराबाद के तत्वावधान में जफराबाद कस्बे में पुलिस

चौकी के निकट चल रहे, रामलीला का बतौर मुख्य अतिथि फीता काटकर उद्घाटन करने के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भगवान राम पिता के कहने पर वन गए और राक्षसों का अंत कर धर्म की स्थापना की। लोग इन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम राम भी कहते हैं। विशिष्ट अतिथि सिरकोनी ब्लॉक के प्रमुख बंशराज सिंह रहे। अयोध्या से पधारे कलाकारों द्वारा प्रथम दिवस नारद मोह की लीला प्रस्तुत की गई। इसके पूर्व रामलीला के व्यवस्थापक नगर पंचायत जफराबाद के एक्स चेयरमैन प्रमोद बरनवाल, दीनानाथ निगम, अध्यक्ष जबिन्दर साहू, चन्द्र शेखर सरोज आदि ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रवीण सिंह, भगवंत बरनवाल, पुल्लू सिंह, संदीप सेठ, बृजनंदन स्वरूप, राजेश जायसवाल आदि उपस्थित रहे।